हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार,3 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 13 .6 डिग्री

12 परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मिला सम्मान




12 बेहद ही सरल एवं रोचक तरीके से विद्यार्थियों ...



## खबर संक्षेप

### स्नेचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी अंकुश कुमार को गिरफ्तार किया है। अब उसे जेल भेज दिया गया है। महिला ने 8 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि दो नौजवान लडकों ने नजदीक वीटा प्लांट अम्बाला शहर के पास से उससे उसका पर्स छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-1 को दी थी।

### धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना शहजादपुर क्षेत्र में किशोरी से दुर्व्यवहार व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी सुखविन्द्र सिंह उर्फ सुक्खा को गिरफ्तार किया है। किशोरी ने 1 अप्रैल 2024 को थाना शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसके घर में घुसकर उससे दुर्व्यवहार व जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### ठगी के आरोप में जीजा व साला गिरफ्तार

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने दलीप सिंह मूल निवासी हंज कॉलोनी, फतेहाबाद हाल निवासी शिव नगर, पानीपत को बीपीएल कार्ड बनवाने का झांसा देकर 4800 रुपए ठगने के आरोप में राजू पुत्र किशनलाल निवासी अर्जुन नगर, काबडी क्षेत्र व इसके साले राजेश पुत्र श्रवण कुमार निवासी निकट दिल्ली पेरलल नहर को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों ने सोमवार को भाई व बहन के साथ भी ठगी की थी।

### नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन में महिला का पर्स छीना

**पानीपत।** पानीपत रेलवे स्टेशन से पहले चंडीगढ़ से दिल्ली वाली लेन पर नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन में सवार ललिता सिन्हा पत्नी नीरज निवासी आदित्यापुर, जमशेदपुर, झारखंड का पर्स छीन कर एक युवक खिड़की से नीचे कूदकर फरार हो गया। नीरज की शिकायत पर जीआरपी पानीपत थाना ने केस दर्ज किया है। पर्स में एक मोबाइल, 5 हजार कैश, एक सोने की चेन समेत जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड मौजूद थे।

### हादसे में यूपी के युवक की मौत

**पानीपत।** यमुना नदी पुलिस के पास दो बाइकों के बीच टक्कर हो गई। हादसे में संजीव कुमार निवासी गांव नंगला, बडौत, जिला बागपत, उत्तर प्रदेश की मौत हो गई। जबकि इसका साथी भोपाल निवासी गांव खोजकीपुर जिला पानीपत हादसे में घायल हुआ था। इधर, भोपाल की शिकायत पर थाना बापौली पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक पर केस दर्ज किया है।

### कट्टे के साथ पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने चौटाला रोड पर धोला पुत्र लियाकत निवासी गांव तितरवाडा जिला उत्तर प्रदेश को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी धोला के खिलाफ थाना औद्यागिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज करवाया गया है।

### मादक पदार्थ तस्कर को दाबेचा



**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में शौकिन निवासी तितरवाडा शामली से 60 ग्राम स्मैक व आरोपी रिहानी उर्फ रिहान निवासी सहारनपुर यूपी से 13.25ग्राम स्मैक बरामद की। सीआईए टू प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करवाए गए है।

# छोटे शहरों में फैशन शो होना अपने आप में बड़ी उपलब्धि: अभिनेत्री राव

## डीएवी गर्ल्स कॉलेज में पनाश-12 फैशन शो का आयोजन, जाह्नवी महाना बनी शो स्टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




यमुनानगर के डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित फैशन शो के दौरान प्रतिभा के जलवे बिखेरती मॉडल्स व उपस्थित मुख्य अतिथि अभिनेत्री अर्चना राव व अन्य।

■ नए ट्रेंड को फैशन शो के जरिए किया प्रदर्शित

डीएवी गर्ल्स कॉलेज में फैशन डिजाइनिंग विभाग की ओर से पनाश-12 फैशन शो का आयोजन किया गया। इस दौरान हाल ही में रिलीज हुई एनीमल फिल्म अभिनेत्री अर्चना राव ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। जबकि मिसेज यूनिवर्स 2017 प्रतियोगिता में रनरअप मॉडल श्वेता अटवाल विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्रिंसीपल डॉ.मीनू जैन ने की। फैशन शो के दौरान बीएससी फैशन डिजाइनिंग अंतिम वर्ष की छात्रा जाह्नवी महाना शो स्टॉपर रहीं।

मुख्य अतिथि अभिनेत्री अर्चना राव ने कहा कि छोटे शहरों में फैशन शो होने अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। डीएवी गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने शो के जरिए उमदा फैशन की प्रस्तुति दी है। छात्राओं ने फैशन के नए ट्रेंड को रैंप पर प्रदर्शित कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। जो कि काबिले तारीफ है। श्वेता अटवाल ने कहा कि ड्रेसिज के जरिए छात्राओं ने संस्कृति की झलक प्रस्तुत की है। फैशन शो के जरिए छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

निर्णायकों की भूमिका आईटीआई से सुचेता सेठी, फैशन डिजाइनर मीतू सलूजा व डोली लांबा ने निभाई। मौके पर फैशन डिजाइनिंग विभाग की प्राध्यापिका मनजीत कौर, निधि छाबड़ा, उर्वशी कांबोज, पूनम रंगा, पूजा राणा, सोनिया व अराधना ने सहयोग दिया।

### रैंप पर छात्राएं आत्मविश्वास से लबरेज दिखीं

डॉ.मीनू जैन ने कहा कि भारतीय संस्कृति में फैशन की भरमार है। उसी से प्रेरित होकर छात्राओं ने ड्रेरस डिजाइन की हैं। फैशन शो में भाग लेने वाली छात्राएं पिछले एक साल से तैयारी में जुटी हैं। छात्राओं ने खुद तैयार की गई ड्रेसिज को शो के जरिए प्रदर्शित किया है। जिसमें उनकी क्रिएटिविटी व इनोवेशन उभर कर सामने आई है। रैंप पर छात्राएं आत्मविश्वास से लबरेज दिखीं।

# गाड़ी के शीशों पर ब्लैक फिल्म मिली तो लगेगा 10 हजार जुर्माना

## अंबाला पुलिस चलाएगी विशेष अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ एसपी ने सभी पुलिस अधिकारियों को गाड़ियों पर ब्लैक फिल्म लगाकर घूमने वालों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए

पुलिस की ओर से अब गाड़ियों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाने वालों के खिलाफ अभियान शुरू किया है। सात तक यह अभियान चलेगा। इस दौरान अगर किसी गाड़ी के शीशे पर काली फिल्म लगी मिली तो 10 हजार तक का जुर्माना लगाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने कहा कि पुलिस ऐसे वाहन चालको पर शिकंजा कसने जा रही है जो गाड़ियों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाकर घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाड़ियों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के विरूद्ध है। पुलिस ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से निपटेगी। ऐसे वाहन चालकों को नियमानुसार 10 हजार रूपये तक का जुर्माना भरना पड़ेगा। गाड़ी के शीशे पर काली फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ है। इसके खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस विशेष अभियान चलाएगी। यातायात प्रबंधक, थाना प्रबंधकों और चौकी प्रभारियों को आदेश दे दिए गए हैं कि अगर कोई भी वाहन चालक अपनी गाड़ी पर ब्लैक फिल्म लगाए हुए मिलता है तो उसका चालान किया जाए। एसपी ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। अभियान के दौरान तेज आवाज वाली बाइक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# सूने घर व दुकान को चोरों ने खंगाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

ट्विन सिटी में चोरों ने सूने घर व दुकान का ताला तोड़कर 67 हजार रुपये की नकदी, सोने व चांदी के आभूषण व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार कांसापुर निवासी शीशपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्रोफेसर कॉलोनी में किराए के मकान में रहता है। एक अप्रैल को वह और उसकी पत्नी सरोज अपने-अपने काम पर चले गए थे।

शाम को जब उसकी पत्नी घर लौटी तो उसने घर का लगा ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। उसकी पत्नी ने उसे घर में चोरी होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही वह घर पहुंचा।

जांच करने पर घर में लोहे की अलमारी से सात हजार रुपये, सोने की बालियां, पाजेब, दो अंगूठियां, चुकटी व गैस सिलेंडर गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### किरयाने की दुकान से 60 हजार रुपये चोरी



दुर्गा गार्डन कॉलोनी निवासी प्रदीप गुप्ता ने बताया कि उसकी कॉलोनी में ही काली माता मंदिर के पास करियाने की दुकान है। वह 31 मार्च को रात 10 बजे दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर गल्ले से 60 हजार रुपये व अन्य सामान गायब मिला। उसने बताया कि चोरों ने दुकान की छत पर बनी सीढ़ियों का गेट काटकर अंदर आए और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सनातन धर्म में ओंकार की साधना ही सर्वश्रेष्ठ

**कुरुक्षेत्र।** ओशोधारा नानक धाम मुरथल के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने ओंकार का महत्त्व साधकों को बताया कि ओंकार स्वयं ब्रह्म है। सम्पूर्ण विश्व में सनातन धर्म ही सर्वश्रेष्ठ है। सनातन धर्म में ध्यान और ओंकार का बहुत महत्व है। ओंकार से दूर होते जाना नर्क है और ओंकार के पास आना स्वर्ग है। ओंकार से जुड़ना ध्यान है और ओंकार के साथ एक होना ही समाधि है। बिनु सत्संग विवेक ना होई , राम कृपा बिना सुलभ न सोई। ध्यान से प्रज्ञा बढ़ती है और प्रज्ञा से ध्यान बढ़ता है। सनातन धर्म में वैज्ञानिकता समाहित है मानो मत जानो। ओशोधारा मैत्री संघ हिमाचल प्रदेश के संयोजक आचार्य डा. सुरेश मिश्रा ने बताया कि 21 विभिन्न स्थानों पर 600 से ज्यादा साधकों ने ध्यान योगा कार्यक्रम में ओंकार दीक्षा सिद्धार्थ औलिया से ऑनलाइन प्राप्त की।

# ओलंपियन नवनीत कौर लोकसभा चुनावों के लिए बनी यूथ आइकॉन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



ओलम्पियन नवनीत कौर

■ ओलम्पियन नियमित रूप से मतदाताओं को जागरूक करेंगी

भारतीय महिला हॉकी टीम की सेंटर फारवर्ड खिलाड़ी एवं ओलम्पियन नवनीत कौर को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए महिला यूथ आइकॉन बनाया है। यह खिलाड़ी कुरुक्षेत्र के नागरिकों को 25 मई के दिन अपने मत का ईमानदारी से प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगी। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र के लिए यह बड़ी उपलब्धि है कि भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य ओलम्पियन नवनीत कौर नियमित रूप से मतदाताओं को जागरूक करेंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम की सेंटर फारवर्ड खिलाड़ी एवं ओलम्पियन नवनीत कौर ने कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के युवाओं को जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है, से आह्वान किया है कि राष्ट्र की मजबूती और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक मतदाता को निष्पक्ष और पारदर्शी प्रणाली से अपने मत का प्रयोग जरुर करना चाहिए। इन लोकसभा चुनावों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इस शेड्यूल के अनुसार कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान होगा। इसलिए कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाता, खासकर युवा मतदाता अपने-अपने बूथ पर जाकर अपने मत का प्रयोग जरुर करें। चुनाव तहसीलदार सरला ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के आदेशानुसार शाहबाद से भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य एवं ओलम्पियन नवनीत कौर को महिला यूथ आइकॉन बनाया गया है।

# इंडोनेशिया घूमने गया सरिया व्यापारी परिवार समेत लापता

■ पत्नी और बेटी के साथ गया था सुनील

**करनाल।** करनाल से इंडोनेशिया घूमने गए सरिया व्यापारी परिवार समेत लापता हो गया है। परिवार को एक सप्ताह में वापिस इंडिया लौटना था, लेकिन उसके बाद से ही मोबाइल नंबर स्विच ऑफ आ रहे है। जिससे परिजनों की चिंता बढ़ गई और उन्होंने मामले की शिकायत सिविल लाइन थाना को की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है। करनाल के पुरूषोतम गार्डन निवासी राजेश कुमार ने पुलिस को शिकायत दी है। जिसमें उसने बताया है कि बीती 24 मार्च को होली वाले दिन उसका भाई सुनील मित्तल (45 वर्ष ), अपनी पत्नी आशु मित्तल (42 वर्ष) व बेटी सिया मित्तल (19 वर्ष) के साथ इंडोनेशिया के बाली में घूमने के लिए गए थे। सुनील मेरी माता जी को ही सूचना देकर गया था कि वह घूमने के लिए जा रहा है और एक सप्ताह में वापिस लौट आएगा। पूरा परिवार खुशी खुशी घर से निकला। राजेश ने बताया कि मैने 24 मार्च को शाम को ही कॉल किया था और मेरी बात भी हो गई थी। जब अगले दिन कॉल किया गया तो भाई, भाभी व भतीजी तीनों का ही मोबाइल नंबर बंद आया। वे इंतजार करते रहे कि कॉल आ जाएगा, लेकिन कॉल नहीं आया। जिससे उनकी चिंता ओर भी ज्यादा बढ़ गई। वे कहां पर है और किस हालत में है इसका कुछ पता नहीं है। लिहाजा मामले की शिकायत पुलिस को की है। जांच अधिकारी गुलिवंद्र सिंह ने बताया कि राजेश ने अपने भाई, भाभी व भतीजी के लापता होने की शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अनाज मंडी आढ़तियों ने दूसरे दिन भी किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

■ आढ़तियों का कमीशन ढाई प्रतिशत निर्धारित करने की मांग



यमुनानगर के रादौर में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते मंडी के आढ़ती। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा स्टेट अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन के आहवान पर रादौर अनाज मंडी के आढ़तियों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। जिला प्रधान शिवकुमार संधाला के नेतृत्व में आढ़तियों ने अपनी मांगों को लेकर मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर रोष प्रकट किया।

जिला प्रधान शिवकुमार संधाला ने बताया कि आढ़तियों ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि आढ़तियों का जो कमीशन ढाई प्रतिशत निर्धारित किया गया है। सरकार उसे पूरा कमीशन दे। किसानों के भुगतान के मूल्य को किसान की सहमति के अनुसार सीधा किसान को दे या किसान की सहमति से आढ़ती के माध्यम से भुगतान हो। हरियाणा प्रदेश की सीमांत मंडियों में सीमांत प्रदेश के किसानों की फसलों को भी सरकार द्वारा खरीदा जाए। क्योंकि यह मंडियां सिर्फ सीमांत प्रदेश के किसानों की वजह से विकसित की गई थी। इसलिए उनकी उपज में वहां बिकवाई जाए। उन्होंने कहा कि पिछले काफी समय से सूरजमुखी, सरसों, बाजरा व अन्य फसलों की खरीद कर किसानों से सीधी मार्केटिंग कम प्रोसेसिंग समिति के माध्यम से की जा रही है। वह सभी खरीद आढ़तियों के माध्यम से की जाए। जिसमें मुख्य रूप से कपास भी एक फसल है। उन्होंने बताया कि जीएसटी व अन्य मार्केटिंग बोर्ड के गलत फैसले के कारण मंडियों में आढ़तियों को दिक्कतें आ रही हैं। इन समस्याओं का भी जल्द समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि आढ़तियों का धरना प्रदर्शन 5 अप्रैल तक जारी रहेगा।

सख्ती | 2 करोड़ 92 लाख 32 हजार 376 रुपये की वसूली की जाएगी

# चार सम्पत्ति कर बकायादारों से वसूली के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा

■ बकायादारों को टैक्स जमा करवाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे, बावजूद इसके मालिकों ने टैक्स जमा करवाने के प्रति कोई कार्रवाई नहीं की गई

■ बकायादारों में एक सम्पत्ति दयानंद नगर तथा शेष तीन सम्पत्तियां बलड़ी व उचाना के निकट नेशनल हाईवे पर स्थित

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने, निगम क्षेत्र के 4 भिन्न-भिन्न सम्पत्ति कर बकायादारों से, कर जमा न करवाए जाने की सूरत में 2 करोड़ 92 लाख 32 हजार 376 रुपये की वसूली किए जाने के आदेश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि नगर निगम की ओर से उपरोक्त बकायादारों को 2010-11 से 2023-24 के बकाया टैक्स को निगम कार्यालय में जमा करवाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे, बावजूद इसके मालिकों द्वारा टैक्स जमा करवाने के प्रति कोई कार्रवाई नहीं की गई। बकायादारों में एक सम्पत्ति दयानंद नगर तथा शेष तीन सम्पत्तियां बलड़ी व उचाना के निकट नेशनल हाईवे पर स्थित हैं। इनकी ओर 2 करोड़ 18 लाख 46 हजार 600 रुपये, 46 लाख 62 हजार 866 रुपये, 24 लाख 40 हजार 344 रुपये तथा 2 लाख 82 हजार 566 रुपये का सम्पत्ति कर बकाया है। निगम आयुक्त द्वारा जारी आदेशों में उपरोक्त सभी डिफॉल्टरों की ओर बकाया राशि की रिकवरी के लिए उप निगम आयुक्त को, आपदा प्रबंधन विभाग पंजाब भूमि राजस्व अधिनियम 1887 के तहत भू-राजस्व के क्षेत्र के रूप में घोषित राशि की वसूली के लिए अधिकृत किया गया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि उपरोक्त सभी सम्पत्तियों के मालिक या कब्जाधारी, नगर निगम आयुक्त की लिखित अनुमति के बिना इस सम्पत्ति की बिक्री, पट्टों या किराए पर देकर कोई शुल्क नहीं ले सकेंगे।

निगमायुक्त ने बताया कि उपरोक्त चारों संस्थानों को कुर्की के नोटिस जारी किए जा चुके हैं, जल्द ही इनकी सम्पत्तियों की कुर्की करने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों से वसूली को लेकर नगर निगम सख्ती बरतेगा।

### लिफ्ट देने के बहाने महिला से की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** लिफ्ट देने के बहाने एक व्यक्ति ने महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट की। सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक अप्रैल को वह गांव दामला से अपने गांव में आ रही थी। नहर की पटरी के पास एक व्यक्ति ने उसकी पास अपनी बाइक रोकी और उसे कहा कि वह गांव अलाहर जा रहा है। वह उसे छोड़ देगा। जब जब अपने गांव के पास पहुंची तो उसने आरोपी बाइक चालक को रूकने के लिए कहा। मगर आरोपी ने तेज गति से बाइक चला दी। उसने चलती बाइक से नीचे छलांग लगा दी। इसके बाद आरोपी बाइक रोककर उसके पास आया और उसके साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने लगा।

# एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर बोर्ड की अध्यक्ष बनी संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



संगीता जिंदल।

एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर बोर्ड ने संगीता जिंदल को अपने निदेशक मंडल के नए अध्यक्ष के रूप में चुने जाने की घोषणा की है। वही, एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर की सीईओ इनाक्षी सोबती ने संगीता जिंदल के अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जताई। इधर, संगीता जिंदल आर्ट इंडिया की प्रेसिडेंट और जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की चेयरपर्सन हैं। यह फाउंडेशन जेएसडब्ल्यू ग्रुप ऑफ कंपनीज की सामाजिक विकास परियोजनाओं पर काम करती है। पिछले बीस वर्षों में संगीता जिंदल जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन का नेतृत्व कर रही हैं, इसने शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका सृजन, स्थानीय खेल विकास और कला और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों का दायरा बढ़ाया है।

## खबर संक्षेप

### ईश्वर में आस्था रखने से बढ़ता है आत्म विश्वास

**घरौंडा।** आचार्य मणि प्रसाद गौतम ने कहा कि जो व्यक्ति ईश्वर में आस्था रखता है, वह व्यक्ति कभी भी निराश नहीं होता। आचार्य मणि प्रसाद गौतम शहर की मानसरोवर कॉलोनी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में तीसरे दिन श्रद्धालुओं को प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने परीक्षित कथा करते हुए उनके चरित्र व सुखदेव के आगमन के बारे में प्रवचन देते हुए कहा कि जब भगवान शिव -पार्वती को अमर कथा सुना रहे थे, तो पार्वती जी कथा सुनते सुनते नींद आ गई।

### पूर्व सरपंच को फोन पर जान से मारने की धमकी

**करनाल।** जिला के गांव सरफाबाद माजरा के पूर्व सरपंच को जान से मारने की धमकी मिली है। पहले कॉल को पूर्व सरपंच ने काटा तो दूसरी बार फिर कॉल आया। जब पूर्व सरपंच ने पूछा कि कौन बोल रहा तो आरोपी ने कॉल काट दिया। जिसमें बाद पूर्व सरपंच ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सरफाबाद के पूर्व सरपंच सोहन लाल का गांव के बाहर खेत में डेयरी फार्म है। बीती 24 मार्च की रात को वह अपने डेयरी फार्म पर सोया हुआ था, तभी रात के 12 बजे उसके फोन की घंटी बजी।



### आढ़तियों ने मांगो को लेकर किया प्रदर्शन

**घरौंडा।** हरियाणा स्टेट अनाज मंडी एसोसिएशन के आह्वान पर शहर की नई अनाज मंडी आढ़तियों ने अपनी मांगो को लेकर सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। आढ़तियों ने चेताया कि अगर सरकार ने उनकी मांगो को पूरा नहीं किया तों आंदोलन जारी रहेगा। नई अनाज मंडी के आढ़ती अपनी को लेकर संघर्ष कर रहे है। जिसको लेकर अनाज मंडी आढ़ती दो दिन से सरकार की नीतियों के विरोध मे धरने पर बैठे है। मंगलवार को मंडी के प्रधान डॉ सुखबीर संधू ने कहा की सरकार सभी फसलों पर आढ़तियों को ढाई प्रतिशत की आढ़त दे, लेकिन सरकार उन्हें पूरी आढ़त नहीं दे रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर पूरे देश को भरोसा: नायब सैनी

# मुख्यमंत्री नायब ने दी ब्रह्मलीन पूज्य स्वामी अभेदानंद जी को श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री ने सेक्टर चार में अर्बन मंडल, सेक्टर 13 में कर्ण मंडल, ओल्ड रमेश नगर में शहरी मंडल में कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अभेद शक्ति सदन स्कूल गौशाला रोड में ब्रह्मलीन पूज्य स्वामी अभेदानंद जी को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने एसबी मिशन संस्था की निदेशक कुमारी समता भारती तथा उनकी सहयोगी साध्वी कुमारी ज्योति भारती, कुमारी पायल भारती, कुमारी अंजु भारती तथा कुमारी प्रमिला भारती से चर्चा करते हुए संस्था के कार्यों तथा उनके विद्यालयों की गतिविधियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूज्य स्वामी अभेदानंद जी आध्यत्मिक जगत के तपस्वी संत रहे, जिन्होंने लोकेषणा से दूर रहते हुए 40 हजार सामान्य पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को शिक्षा देने का कार्य किया। एसबी मिशन सोसायटी ने चार विद्यालयों के माध्यम से आज भी यह संस्थान समर्पण भाव से सेवा कार्य कर रहा है। हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डा. जयदीप आर्य ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी अभेदानंद जी एक महान शिक्षाविद, कुशल प्रशासक, लेखक व कवि थे। चार अप्रैल को श्रद्धांजलि सभा श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर 14 में योग ऋषि स्वामी रामदेव जी और आचार्य बाल कृष्ण जी संत समाज की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रधान योगेंद्र राणा, मेयर रेणु बाला गुप्ता, जगमोहन आनंद, संजय बठला, युद्धवीर सैनी, ओमवीर राणा, डा. अमित पुंज, अश्वनी मिश्रा, सोमनाथा अरोड़ा, दिनेश शर्मा व हरेंद्र मोहन चौधरी मौजूद रहे। अभेद शक्ति सदन की मुख्याध्यापिका पूजा वैद ने सबका धन्यवाद किया।



**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ब्रह्मलीन पूज्य स्वामी अभेदानंद जी को श्रद्धांजलि देकर शोक व्यक्त करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*



**करनाल।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### हार के डर से भाग रहा है विपक्ष : नायब सैनी

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को करनाल में कर्ण कमल कार्यालय में विधानसभा कोर ग्रुप की बैठक ली। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सेक्टर चार में अर्बन मंडल, सेक्टर 13 में कर्ण मंडल, ओल्ड रमेश नगर में शहरी मंडल तथा प्रेम नगर कम्युनिटी सेंटर में राम नगर मंडल के कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली। मुख्यमंत्री ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर पदाधिकारियों व कार्यों का मार्गदर्शन किया। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए चुनाव प्रचार में जुट जाएं। हमें हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों व करनाल विधानसभा उपचुनाव में जीत दर्ज करनी है। कर्ण कमल कार्यालय में मीटिंग के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हरियाणा में सभी 10 सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की जीत वोटों के बड़े मारजन के साथ होगी। उन्होंने कहा कि करनाल लोकसभा से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सबसे अधिक मतों से जितवाकर लोकसभा भेजना हैं। इस दौरान भाजपा जिला प्रधान योगेंद्र राणा, जगमोहन आनंद, निवर्तमान मेयर रेणु बाला गुप्ता, युद्धवीर सैनी, संजय बठला, रवि वत्स, सुनील गोयल, वीर विक्रम, साहिल मदान, दिनेश शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुशील गौतम सिरसी, अमर ठक्कर व बिशन सिंह शेखावत आदि रहे।

## अनुमति से ही विज्ञापनों का प्रसारण करेंगे केबल ऑपरेटर

- प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को भी प्रकाशन सामग्री का देना होगा विवरण : डी.सी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उप चुनाव की प्रक्रिया के दौरान केबल ऑपरेटर और सिनेमा हॉल संचालक एमसीएमसी कमेटी के प्रमाण पत्र के बगैर किसी भी विज्ञापन का प्रसारण नहीं कर सकते। बिना अनुमति के चुनावी विज्ञापन का प्रसारण करने पर केबल ऑपरेटर के खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन कर दिया गया है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी मनोज कौशिक इस कमेटी के सदस्य सचिव हैं। जिला के सभी केबल ऑपरेटरों को डीआईपीआरओ के माध्यम से समय-समय पर दिए जाने वाले निर्देशों का पालन निर्धारित समय पर करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कमेटी केबल चैनलों की गहनता से मॉनिटरिंग करेगी और केबल पर चलने वाले प्रत्येक विज्ञापन पर कड़ी नजर रहेगी।



### प्राणायाम मानसिक रूप से करता है स्वस्थ : गुलाटी

**करनाल।** योग हमें वो ऊर्जा प्रदान करता है जिससे हम जीवन की समस्याओं से लड़ सकते हैं। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी जी ने आज सेक्टर 32 योग कक्षा में उपस्थित साधकों को योगाभ्यास करवाया। साधकों को सूक्ष्म व्यायाम,आसन और फिर सूर्य नमस्कार करवाया।सूर्य नमस्कार के प्रत्येक आसन को बारीकी से समझाया और हर आसन से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। प्राणायाम सत्र के दौरान गुलाटी जी ने कहा कि योग कोई धर्म नहीं है,जीवन जीने का तरीका है जिसका लक्ष्य स्वस्थ शरीर में स्वस्थ दिमाग की ओर है।मनुष्य एक शारीरिक,मानसिक और आध्यात्मिक प्राणी है।योग इन तीनों के बीच संतुलन विकसित करने में मदद करता है।व्यायाम के अन्य रूप जैसे एरोबिक्स शारीरिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करते है लेकिन प्राणायाम मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ करता है। योग करने से हमारे शरीर की थकान भी दूर होती हैं और हम तरोताजा महसूस करते हैं। नियमित योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है और रोगों से लडने की शक्ति मिलती है।हृदय रोग, मधुमेह और अस्थमा जैसी अन्य बीमारियों के लिए योग की सलाह दी जाती है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान कैंप 7 को, विधायक करेंगे सम्मानित

- विधायक, एस.डी.एम. एवं डी.एस.पी. करेंगे रक्तदाताओं को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन 7 अप्रैल रविवार को किया जाऐगा। जिसमें नीलोखेड़ी हल्के के विधायक धर्मपाल गोंदर, नीलोखेडी के एस.डी.एम. कपिल शर्मा एवं डी.एस.पी. विजय कुमार बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके अलावा जिला लोक संपर्क अधिकारी मनोज कौशिक भी रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाऐंगे। तरावड़ी पत्रकार एकता मंच रजि. की ओर से रविवार 7 अप्रैल को तरावड़ी के सरकारी अस्पताल में लगाए जाने वाले रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाऐगा। जानकारी देते हुए तरावड़ी पत्रकार एकता मंच के प्रधान विरेंद्र जांगड़ा, उप-प्रधान राजकुमार खुराना एवं सचिव रोहित लामसर ने बताया कि रक्तदान शिविर को लेकर तैयारियों की जा रही हैं। रक्त की कमी के अभाव में यह रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें ब्लड बैंक की टीम रक्त एकत्रित करेगी। मंच की ओर से मुख्यातिथि एवं गणमान्य लोगों द्वारा रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाऐगा। रक्तदान शिविर में शहर भर की सामाजिक, धार्मिक ओर राजनैतिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, शहरवासियों और गणमान्य लोगों के अलावा पार्षदों को आमंत्रित किया गया हैं।



## भारतीय सेना में चयन होने पर छात्र का स्वागत

- छात्र हर्षित के महाविद्यालय मे पहुंचने पर प्राचार्य ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय इंद्री के छात्र हर्षित का भारतीय सेना में चयन होने पर महाविद्यालय मे खुशी का माहौल बना हुआ है । छात्र हर्षित के महाविद्यालय मे पहुंचने पर प्राचार्य डॉ विकास अत्री ने शुभकामनाएं दी । प्राचार्य ने बताया कि हर्षित ने सत्र 2020-23 में शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय से स्नातक (विज्ञान संकाय) की डिग्री प्राप्त की है । उन्होने बताया कि हर्षित गांव बीबीपुर ब्राह्मण का रहने वाला है। इन्होंने अपनी दसवीं कक्षा बदरपुर गवर्नमेंट स्कूल से व 12वीं कक्षा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गढ़ी बीरबल से की है। यह छात्र महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय स्वयंसेवक भी रहा है । राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी वंदना सैनी ने बताया कि हर्षित का समाज सेवा की तरफ रुझान रहा है जिसके चलते वह राष्ट्रीय सेवा योजना के हर कार्यक्रम मे चाहे वह रक्तदान हो ,पौधारोपण और चाहे लोगों को जागरूक करने के अभियान रहे हो सभी में हमेशा बढ़-चढक़र भाग लिया है । उसने भारतीय थल सेना में चयनित होने के लिए दिन-रात प्रयास जारी रखें और सफलता हासिल की । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो वंदना सैनी, प्रो डिंपल, डॉ सविता रानी, प्रो पूजा रानी, डॉ अनिल ढिल्लों प डॉ प्रदीप आदि मौजूद रहे।



**इंद्री।** महाविद्यालय के छात्र हर्षित का भारतीय सेना मे चयन होने पर स्वागत करते महाविद्यालय के प्राचार्य व प्राध्यापक। *फोटो : हरिभूमि*

## हरजिंदर सिंगला बने प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

समाजसेवी हरजिंदर सिंगला उर्फ नीटू को हरियाणा भाजपा प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया है। जिला के संयोजक शीशपाल गुप्ता ने यह जानकारी दी। हरजिंदर सिंगला नीटू ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद संजय भाटिया, सौरभ चौधरी, नवीन गोयल के साथ-साथ जिला संयोजक शीशपाल गुप्ता का आभार प्रकट करते हुए कहा है कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह उसे ईमानदारी, निष्ठा, मेहनत और कर्तव्य से निभाएंगे। हरजिंदर सिंगला ने कहा कि भाजपा देश की सबसे मजबूत पार्टी ही नहीं बल्कि विश्व का सबसे बड़ा कुनबा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री लोगों की लोक भलाई के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी बेहद ईमानदार और मेहनती प्रधानमंत्री हैं। उनके नेतृत्व में भारत लगातार एक बडी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। हरजिंदर सिंगला नीटू ने कहा कि वह भी भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के मजबूत बनाने का कार्य करेंगे और संगठन में और सदस्यों को भी जोड़ेंगे। सिंगला ने कहा कि देश में भाजपा की फिर से सरकार बनेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश का नेतृत्व करेंगे।



## निपुण रिपोर्टर कार्यक्रम एवं प्रवेश उत्सव में दिखाई प्रतिभा

- नए प्रवेशी बच्चों का फूल मालाएं डालकर किया स्वागत और लगाई प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राजीव प्राथमिक पाठशाला नबीपुर में एफएलएन निपुण रिपोटिंग कार्यक्रम के तहत राजकीय विद्यालयों में छात्र संख्या बढाने के उद्देश्य से 23 मार्च से 13 अप्रैल के मध्य निपुण रिपोर्टर कार्यक्रम एवं प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय प्रभारी दलीप सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीणों का स्वागत किया तथा विद्यालय में दाखिला लेने वाले बच्चों का फूल मालाओं डालकर स्वागत किया। कक्षा 4 और 5 के बच्चे इशिता और समोना के द्वारा निपुण रिपोर्टिंग की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापकों द्वारा शिक्षण सहायक सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई तथा सभी अभिभावकों को दिखाया गया कि किस प्रकार वर्किंग मॉडलों के माध्यम से शिक्षण कार्य को सरल व प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। कार्यक्रम में दलीप सिंह ने सभी ग्रामीणों को सरकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा सभी से आग्रह किया कि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को राजकीय विद्यालय में दाखिला करवाएं। स्कूल चलो अभियान के तहत गांव में दाखिला बढाने के उद्देश्य से बच्चों एवं ग्रामीणों के द्वारा गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी दलीप सिंह, एसएमसी प्रधान इन्दु देवी, सरपंच निर्मल, शिक्षिका नीलम देवी, सुरेखा, आंगनवाडी वर्कर रीटू, एबीआरसी तुषार राणा, गुलाब सिंह, सतपाल, ममता, सुनीता आदि ग्रामीणों ने भाग लिया।




**करनाल।** एफएलएन निपुण रिपोटिंग कार्यक्रम में हिस्सा लेते बच्चे व ग्रामीण।

## इस बार 2 लाख 17 हजार 133 मतदाता करेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

लोकसभा 2024 के आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध पूरे किए जा चुके हैं। यह जानकारी देते हुए सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं इंद्री के एसडीएम अशोक कुमार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी पोलिंग बूथों का निरीक्षण करें और समय रहते मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि मतदाता की सुविधा के लिए सभी पोलिंग बूथों पर पीने का पानी, सुलभ शौचालय, बिजली की व्यवस्था तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोलिंग बूथों में रैंप तथा व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित करें। सहायक रिटर्निंग अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि उपमंडल इंद्री में आगामी लोकसभा चुनाव को सम्पन्न करवाने के लिए 214 बूथ बनाए गए हैं। इन सभी बूथों पर 1 लाख 13 हजार 21 पुरुष मतदाता व 1 लाख 4 हजार 108 महिला मतदाताओं सहित लगभग 2 लाख 17 हजार 133 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगें। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा सभी बूथों पर आवश्यक प्रबंध किए गए है ताकि मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

## रंगारंग कार्यक्रम में मनिंदर बब्बू कैरोके क्लब की शानदार प्रस्तुति

- मधुर प्रस्तुतियों ने अनिल गिरधर की विदाई को यादगार बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मनिंदर बब्बू कैरोके क्लब द्वारा एनडीआरआई के माडल डेयरी प्लांट परिसर के सभागार में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। माडल डेयरी प्लांट के अधिकारी अनिल गिरधर के सेवा निवृत्त होने के बाद विदाई समारोह आयाजित किया गया। इस कार्यक्रम में मनिंदर बब्बू कैरोके क्लब के सदस्यों द्वारा दी गई मधुर प्रस्तुतियों ने चार चांद लगा दिए। सभी ने अनिल गिरधर परिवार के सुखद भविष्य के लिए भगवान से प्रार्थना की तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरूआत मनिंदर बब्बू ने अपने सुरीले अंदाज में की। इस कार्यक्रम का आयोजन अनिल गिरधर तथा उनकी पत्नी ने किया था। इस अवसर पर अरविंदर सिंह, मनिंदर सिंह बब्बू अरुण थापर विनय छावड़ा, रश्मि थापर, हरीश बधावन, राकेश अग्रवाल, दविंदर अरोड़ा, विजय शर्मा, गीता छावड़ार, नरेश मदान, अरुण राजपाल, राजेश जोगी, कंवल अरोड़ा, रंजीत, अमरजीत, प्रदीप शर्मा राकेश तलवार, स्वीटी गर्ग आदि मौजूद रहे।




### ऑनलाइन नामांकन पत्र दाखिल करने को बनाया कैंडिडेट नॉमिनेशन

## मोबाइल ऐप पर घर बैठे पा सकते हैं चुनाव संबंधित जानकारी

- विभाग के मोबाइल ऐप की शिकायत का 100 मिनट में किया जाएगा निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डी.सी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि 18वें लोकसभा आम चुनाव के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनेक ऑनलाइन मोबाइल ऐप शुरू किए हुए हैं जो मतदाताओं के साथ-साथ उम्मीदवारों के लिए भी काफी फायदेमंद हैं। इन एप्स का प्रयोग करके मतदाता व उम्मीदवार सरलतम तरीके से घर बैठे ही चुनाव से संबंधित नवीनतम जानकारियां ले सकते है तथा अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 18 साल का कोई भी युवा या युवती अपना वोट बनवाना चाहता है तो वह वोटस.ईसीआई.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल के नाम से एक मोबाइल ऐप शुरू किया है। इस मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है, जिसका निवारण निर्वाचन कार्यालय की ओर से 100 मिनट के अंदर किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऑनलाईन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी भारत निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम से एक ऐप बनाया है। कोई भी प्रत्याशी इस ऐप का प्रयोग कर अपने आवेदन को इस ऐप पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। इसमें ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से अपनी जमानत राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है। एक बार आवेदन दर्ज होने के बाद उम्मीदवार कैंडिडेट सुविधा ऐप का प्रयोग कर अपने आवेदन की आगामी कार्यवाही पर नजर रख सकते हैं। रिटर्निंग अधिकारियों के लिए आयोग ने एनकोर के नाम से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है। उम्मीदवारों की संपत्ति के विवरण को देखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस ऐप पर किसी उम्मीदवार की चल-अचल संपत्ति, हलफनामे को ऑनलाइन देखा जा सकता है। वोटर हेल्पलाइन ऐप से डाउनलोड करें मतदाता स्लिप : डी.सी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ ऐप के माध्यम से मतदाताओं की डिजिटल पहचान करने की सेवा शुरू की है। मतदाता वोटर हेल्पलाइन ऐप को अपने ईपीआईसी कार्ड से जोडक़र अपनी मतदाता पर्ची को डाउनलोड कर सकते हैं। वोटर टर्नआउट ऐप में कुल जनसंख्या के अनुपात में बने वोटों की संख्या को देखा जा सकता है।



जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई के 51 छात्रों का चयन

**पानीपत।** आईटीआई, जाटल में वीपरो हाईड्रो इलेक्ट्रीक प्राइवेट लिमिटेड, याजाकी इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, आईसीन ऑटो मॉटिव हरियाणा प्राईवेट लिमिटेड कांटीनेंटल प्राईवेट लिमिटेड की ओर से कैम्पस प्लेसमेंट अभियान का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के इलेक्ट्रीकल, मकेनिकल, कैमिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव ने हिस्सा लिया। जिसमें 51 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

### प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को चेताया

**पानीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला के सभी प्रिंटिंग प्रेस के मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वे सभी राजनैतिक दल/चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव प्रचार के दौरान जो भी प्रिंटिंग सामग्री छापकर दें उस पर अपनी प्रिंटिंग प्रेस का नाम और पता अवश्य छापकर दें।

### सालासर धाम से पूजित ध्वज व सिंदूर लाए

**पानीपत।** हर घर में सालासर से पूजित ध्वज स्थापित किया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव समिति के 11 सदस्य कल राजस्थान स्थित सालासर धाम से झंडे पानीपत वासियों के लिए लाए हैं। सालासर धाम के मुख्य पुजारी गट्टू महाराज ने कहा कि सालासर धाम के कण कण में हनुमान जी की कृपा विराजमान है। पानीपत के हनुमान जन्मोत्सव के माध्यम से जन जन तक यहां का सिन्दूर व धर्म ध्वज पहुंचेंगे तो सभी को धर्मलाभ होगा।

### पुलिस ने भगौडे को पकड़ा

**पानीपत।** थाना मतलौडा प्रभारी इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि चेक बाउंस के मामले में न्यायालय से पीओ यानि भगौडा घोषित आरोपी राजबीर निवासी गांव कवि जिला पानीपत को गिरफ्तार किया। चेक बांउस के मामले में निर्धारित तारिखों पर ना पहुंचने पर आरोपी राजबीर को न्यायालय द्वारा नवम्बर 2019 में पीओ घोषित किया था। आरोपी के खिलाफ थाना मतलौडा में आईपीसी की धारा 174ए के तहत अभियोग दर्ज किया गया था।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने सिवाह के नजदीक स्थित गोल्डन फ्लौर फिनिसिंग कंपनी में चोरी करने वाले आरोपी कृष्ण पुत्र जगदीश निवासी कालीरामण मोहल्ला, समालखा को गिरफ्तार किया है। आरोपी कंपनी में ही बॉयलर ऑपरेटर के रूप में कार्य करता था। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में रमेश निवासी भारत नगर बबैल रोड की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### चोरी की बाइक के साथ पकड़ा

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने हरि नगर कच्ची फाटक के पास नाकाबंदी कर अजय निवासी गांव भनेडा जिला शामली यूपी हाल किरायेदार सैनी कॉलोनी, पानीपत को चोरी की बाइक के साथ पकड़ा है। थाना पुराना आद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि पुलिस टीम ने बाइक के इंजन व चेसिस नंबर को जीप नेट पर चैक किया तो बाइक 30 अक्तूबर सन 2022 को नई दिल्ली के फतेहपुरी बेरी दक्षिण थाना क्षेत्र के चोरी होनी पाई गई।

---

### एसडी कॉलेज में मंत्री महिपाल ढांडा का अभिनंदन समारोह आयोजित

# जनता की निष्काम सेवा करना ही मेरे जीवन का मकसद : ढांडा

■ जीवन में सफल होने के लिए हमें कभी भी छल-कपट का सहारा नहीं लेना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। एसडी कॉलेज में सहकारी मंत्री महिपाल ढांडा का स्वागत करते हुए दिनेश गोयल। फोटो : हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज में महिपाल ढांडा, विकास एवं पंचायत व सहकारिता मंत्री के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसे एसडी पीजी कॉलेज, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और अखिल भारतीय साहित्य परिषद् ने संयुक्त रूप से आयोजित किया। वहीं, मंत्री ढांडा का स्वागत एसडी पीजी कॉलेज की समस्त प्रबंधकारिणी जिनमें प्रधान दिनेश गोयल, उप-प्रधान राजीव गर्ग, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल और कोषाध्यक्ष विशाल गोयल ने पुष्प-रोपित गमलें भेंट करके किया। सुमित जागलान जिला सचिव भाजपा पानीपत और एबीवीपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेश खुराना, प्रदीप शर्मा, डॉ. संगीता गुप्ता और वर्तमान कार्यकारिणी में जिला प्रमुख धर्मवीर, नगर मंत्री दीपांशु और नगर सहमंत्री अनिकेत ने मंत्री ढांडा का जोरदार स्वागत किया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के सदस्य के रूप में प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने जड़ों से जुड़े लोकप्रिय मंत्री की इस उपलब्धि को बेजोड़ और जिले के विकास में तीव्रता लाने वाला कदम बताया। जबकि मंत्री महिपाल ढांडा ने अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एसडी पीजी कॉलेज, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, कॉलेज पधारे लोगों और संस्थानों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश, हरियाणा प्रदेश और पानीपत की जनता की सेवा करना का जो दायित्व उन्हें सौंपा गया है उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि वे समाज के हर वर्ग का पूरा ध्यान रखेंगे और सभी की समस्याओं के निवारण में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही मेरा मकसद है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए हमें कभी भी छल-कपट का सहारा नहीं लेना चाहिए। इधर, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने महिपाल ढांडा कि प्रशंसा करते हुए उन्हें एक जनकल्याणकारी व्यक्तित्व का धनी बताया।

---



पानीपत। बापौली अनाज मंडी में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते आढ़ती।

## पानीपत की मंडियों में आढ़तियों ने प्रदर्शन कर धरना दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा स्टेट अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के आह्वान पर अपनी मांगों के समर्थन में पानीपत जिला की सभी मंडियों के आढ़ती हड़ताल पर है। वही, बापौली अनाज मंडी में हरियाणा स्टेट अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन द्वारा किसानों, मुनीम और आढ़ती की मांगों को लेकर सरकार के विरोध में चल रहे धरने प्रदर्शन में आज एडवोकेट मोहकम छौक्कर ने हिस्सा लिया। मोहकम छौक्कर ने कहा कि सरकार को जल्द से जल्द किसानों, मुनीमों और आढ़तियों की मांगों को मान लेना चाहिए। किसान देश की रीढ़ की हड्डी है। देश की 90 प्रतिशत से अधिक परिवार कृषि और किसानों पर निर्भर हैं अगर सरकार ने इनकी तरफ ध्यान नहीं दिया तो ये बीजेपी के ताबूत में कील ठोकने का काम करेंगे। इस मौके पर प्रधान दलीप रावल, नवीन कुमार,कश्मीरी लाल, कटार सिंह, रकम सिंह, कंवर सिंह छौक्कर, मा. ब्रमपाल, प्रभु दयाल, मोती लाल व अनिल रावल आदि मोजूद रहे। दूसरी ओर, समालखा अनाज मंडी में दूसरे दिन भी आढ़ती एसोसिएशन प्रधान बलजीत रूहल के नेतृत्व में आढ़तियों के द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी रखा। प्रधान बलजीत सिंह रूहल ने बताया कि हरियाणा में सरसों की खरीद को लेकर हरियाणा आढ़ती एसोसिएशन ने पूरे प्रदेश में 5 दिन के लिए सांकेतिक हड़ताल का आह्वान किया है। समालखा अनाज मंडी के आढ़तियों ने धरना प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रधान बलजीत सिंह रूहल ने बताया कि मंडी में बिकने वाली कुछ फसलों पर आढ़तियों को किसी भी तरह की कोई कमीशन नहीं मिलता है। वहीं अगर गेहूं की बात करें तो गेहूं पर भी 12 प्रतिशत कम कमीशन उन्हें दिया जाता है।

---

## लोकसभा चुनाव में एनडीए की हार तय

■ एनडीए सरकार जनता की सेवा करने में विफल साबित हुई : पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। कांग्रेसी नेता ओमवीर पंवार कांग्रेस का प्रचार प्रसार करते हुए।

घर घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के दिव्यधाम आश्रम के पास स्थित न्यू दीनानाथ कॉलोनी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेसी नेता ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि एनडीए सरकार जनता की सेवा करने में विफल साबित हुई। एनडीए सरकार की गलत नीतियों से देश की जनता में त्राहि त्राहि मची है। बेरोजगारी व मंहगाई से जनता परेशान है। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में यूपीए की ऐतिहासिक जीत होगी। हरियाणा में लोकसभा की सभी सीटों पर कांग्रेस व सहयोगी दलों की जीत तय है। इस अवसर पर अधिवक्ता अजय पंवार, धर्मबीर रावल, पिंटू कबीरपंथी, प्रेमपाल कश्यप, प्रदीप राणा, जसबीर राणा, राजेश खन्ना, प्रमोद कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## पानीपत ग्रामीण हलके में चुनाव प्रचार स्थल तय किए

■ कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार वर्णित स्थान के अतिरिक्त अन्य किसी स्थान पर जनसभा नहीं कर सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों की अनुपालना में सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए जनसभा करने पोस्टर, बैनर, होडिंर्ग लगाने के लिए स्थान अधिसूचित किए हैं। कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार वर्णित स्थान के अतिरिक्त अन्य किसी स्थान पर जनसभा नहीं कर सकेंगे और न ही कोई पोस्टर, बैनर होडिंर्ग लगाएंगे। पानीपत ग्रामीण विधानसभा के एआरओ एवम एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार ने बताया कि पानीपत ग्रामीण विधानसभा ए क्षेत्र में जनसभा के लिए काबडी गांव के मध्य पंचायत घर के पास प्रसिद्ध चौक, बबैल गांव के मध्य चौक पर शिव स्टेडियम में, बराना गांव के बीच सामान्य चौपाल, आसन कला कुमहार चौपाल, जाटल गांव नीम वाली चौपाल और हरिजन चौपाल, दशहरा ग्राउंड सेक्टर 25 पार्ट 2 नूर वाला गांव का चौक और चौपाल अशोक विहार कॉलोनी, बाबरपुर मंडी प्राइमरी स्कूल के सामने, अनाज मंडी कचरोली, बीचपड़ी हरी नगर चौपाल चौक में, बधावा राम चौक सौंधापुर गांव की सामान्य चौपाल अधिसूचित किए गए हैं। पोस्टर, बैनर, होडिंर्ग लगाने के लिए सेक्टर 25 जिम खाना क्लब के सामने, नूरवाला गांव बेरी वाली मस्जिद के पास, बाबरपुर मंडी नई अनाज मंडी, सिवाह गांव का द्वार, नांगल खेड़ी वाल्मीकि चौपाल बिचपड़ी पंचायत घर, काबड़ी वाल्मीकि चौपाल, बबैल स्टेडियम, बराना पंचायत घर, आसन कलां की बीसी चौपाल, जाटल बीच वाली चौपाल, सोदापुर सामान्य चौपाल के सामने, मित्तल मेगा मॉल के पूर्व की तरफ, मेहराना में बस स्टैंड के पास और राजकीय माध्यमिक विद्यालय के पास, ब्राह्मण माजरा माडू चौपाल के पास में मंदिर वाली गली के पास, बुडश्याम पंचायत भवन के पास खाली मैदान में, स्टेडियम के पास खाली, हड़ताडी पंचायत भवन के पास खाली मैदान व खेल का की जगह अधिसूचित की गई है।

## रंग बिरंगी बेलों से महकेगा शहीद स्मारक

■ विद्यार्थियों और सचिवालय के मालियों के साथ पौधरोपण अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत, सीटीएम टीनू को पौधे भेंट करते हुए।

पानीपत का जिला सचिवालय का शहीद स्मारक महकेगा रंगबिरंगी मुगल बेलो से। वही, शहीद स्मारक में सिटी मजिस्ट्रेट टीनू और ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने अपने देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इको क्लब के विद्यार्थियों और सचिवालय के मालियों के साथ पौधरोपण अभियान चलाया। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि शहीद स्मारक के स्थाई सौंदर्यकरण जिम्मेदारी पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार सोनी से मैंने स्वेच्छिक रूप से ग्रहण की थी। आज सिटी मजिस्ट्रेट सुश्री टीनू के मार्गदर्शन में 19 रंग बिरंगी इंग्लिश मुगल बेले, दो केदार तुलसी व एक रबड़ का पौधा रोपित किए गए। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य पानीपत को हराभरा बनाना और अधिक से अधिक लोगों को हर्बल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। सीटीएम ने कहा कि सचिवालय में हर दिन हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता है हमारा प्रयास रहेगा कि प्रोफेसर दलजीत व महाविद्यालय के इको क्लब के सहयोग से शहीद स्मारक के स्थाई सौंदर्यकरण के प्रयास करें और जनसाधारण को पर्यावरण संरक्षण विषय के प्रति जागरूक करें। वहीं सीटीएम टीनू ने प्रोफेसर दलजीत कुमार के पर्यावरण संरक्षण के निस्वार्थ कार्यो की प्रशंसा की। इस दौरान प्रकाश माली, राकेश माली, नवनीत सचिन सहित लघु सचिवालय के माली मौजूद रहे।

## लाइसेंसी शस्त्र जमा कराने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

■ शस्त्र जमा नहीं कराने पर धारक पर कार्रवाई होगी



पुलिस कप्तान अजीत शेखावत।

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर शस्त्र लाइसेंस धारकों को जल्द से जल्द अपने लाइसेंसी हथियार नजदीकी पुलिस थाना में जमा करवाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि माननीय निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी गई है। चुनाव की घोषणा के साथ जिला पानीपत में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के उद्देश्य से लाइसेंस धारक को अपना हथियार बिना किसी देरी के अपने नजदीकी थाना या प्राधिकृत गन हाउस में जमा कराएं। पुलिस अधीक्षक अजीत ने सभी थाना प्रभारी व चौकी इंचार्जो को निर्देश दिए है कि अपने क्षेत्र में जिन लोगों के पास लाइसेंसी हथियार है उन सभी के हथियारों को चुनाव से पहले संबंधित पुलिस थाना या गन हाउस में जमा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति थाना के अलावा प्राधिकृत गन हाउस में भी अपने हथियार जमा करवा सकता है। हथियार जमा करवाने की रसीद की फोटो कॉपी संबधित थाना में जमा करवाना अनिवार्य है। चुनाव के दौरान किसी के पास भी कोई हथियार नहीं होना चाहिए। जो लोग अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस की हर समस्या का हल होगा : एसपी अजीत

■ पुलिस कर्मियों की वेलफेयर से संबंधित समस्याए सुनीं



पानीपत। पुलिस लाइन में वेलफेयर मीटिंग को संबोधित करते हुए कप्तान अजीत शेखावत। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** पुलिस लाइन में स्थित एनजीओ मैस के मीटिंग हाल में सोमवार को वेलफेयर मीटिंग का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने की। वेलफेयर मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिला के सभी थाना, चौकी, क्राइम युनिट व पुलिस लाइन से आए पुलिस कर्मियों की वेलफेयर से संबंधित समस्याए सुनीं और निवारण के लिए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मीटिंग में डीएसपी धर्मबीर खर्ब, सतीश गौतम, कृष्ण कुमार, सुरेश सैनी, नरेंद्र, संदीप कुमार, वेलफेयर इंस्पेक्टर सोमवती, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल अनुपमा सिन्हा, हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के एसडीओ सुरेंद्र सिंह व सभी थाना प्रभारी, क्राइम युनिट इंचार्ज, चौकी इंचार्ज व अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें। इधर, एसपी शेखावत ने पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों की समस्याओं, सरकारी आवासों व विभाग से संबंधित अन्य समस्याओं पर विचार विमर्श किया।

## लोस चुनाव को लेकर पुलिस अधिकारियों ने बैठक की



पानीपत। लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक करते हुए डीएसपी व इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी।

**पानीपत।** लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष भयमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में संपंन करवाने के मद्देनजर उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धर्मबीर खर्ब व उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र सिंह ने सोमवार को बापौली थाना में समालखा जोन के थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मीटिंग में समालखा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार, सनौली थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप कुमार, बापौली थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर अतर सिंह उपस्थित रहें। डीएसपी नरेंद्र सिंह ने जोन के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए की अपने थाना क्षेत्र के लाइसेंस असला धारकों के शत प्रतिशत असले जमा करवाए। इसके साथ ही क्षेत्र में प्रभावी रूप से गश्त करे और नाकाबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच करे। उन्होंने पेट्रोलिंग और चैकिंग अभियान को और अधिक प्रभावी रूप से चलाने के निर्देश देते हुए कहा की चुनाव को प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्वों, शराब तस्करों और अवैध हथियारों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए सभी प्रभावी कदम उठाए। ताकि लोकसभा आम चुनाव को बिना किसी व्यवधान के शांति पूर्वक संपन्न करवाया जा सके।

### वकीलों से सहयोग मांगा

**इसराना।** लोकतंत्र में वोट के अधिकार का प्रयोग करना चाहिए सभी ने चुनाव वाले दिन मतदान केन्द्रों पर जाकर वोट का इस्तेमाल करना चाहिए और अपना मनपसंद प्रतिनिधि चुनना चाहिए। इसराना उपमंडल की एसडीएम ज्योति मित्तल ने इसराना के सिंचाई विश्राम गृह में अपने कार्यालय में जिला पानीपत बार एसोसिएशन वकीलों के प्रतिनिधि को संबोधित करते हुए कहा वह जनता के बीच जाकर चुनाव में ज्यादा से ज्यादा वोट डालने की अपील करे।

---

#### यदि धर्म और संस्कृति नहीं रही तो ऐसा जीवन जीने का क्या लाभ

# धर्म व संस्कृति की रक्षा हेतु प्राण न्योछावर हो तो भी कम है : राधे-राधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत





पानीपत। प्रवचन करते हुए राधे राधे तथा प्रवचन का श्रवण करती श्रद्धालु।

■ धर्म और संस्कृति ही जीवन को सत मार्ग के लिए ले जाती है

■ राधे-राधे महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत कथा साक्षात श्रीहरि का स्वरूप है

पानीपत के मॉडल टाउन में सनातन धर्म मंदिर में आयोजित सप्त दिवसीय भागवत कथा पर प्रसिद्ध कथा वाचक भागवत रसिक पंडित राधे-राधे महाराज ने धर्म एवं अपनी संस्कृति को बचाने के लिए यदि मनुष्य को अपने प्राणों का बलिदान भी देना पड़े तो यह किसी भक्त और श्रद्धा से कम नहीं है, क्योंकि यदि धर्म और संस्कृति नहीं रही तो ऐसा जीवन जीने का क्या लाभ धर्म और संस्कृति ही जीवन को सत मार्ग के लिए ले जाती है। उन्होंने कहा कि धर्म नीति बनाते हैं और संस्कृति उसको संजोकर रखती है, इसलिए धर्म और संस्कृति जीवन के दो पहिए हैं, जिनके आधार पर ही हम अपना जीवन जीए तो कल हमारा बेहतर होगा। राधे-राधे महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत कथा साक्षात श्रीहरि का स्वरूप है इस कथा को सुनने के लिए देवी देवता भी तरसते हैं, वही, दुर्लभ मानव प्राणी को यह कथा सहित भी प्राप्त हो जाती है क्योंकि यदि भगवान किसी से सब्र सर्वाधिक स्नेह करते हैं तो वह मानव रूपी अपने भक्तों को करते हैं। मानव जीवन तभी धन्य होता है जब वह कथा स्मरण का लाभ प्राप्त कर लेता है। सत्संग एवं कथा के माध्यम से मनुष्य भगवान की शरण में पहुंचता है वरना वह इस संसार में आकर मोह माया के चक्कर में पड़कर अपना मानव जीवन जोकि अश्वमेध यज्ञ के समान होता है, उसको व्यर्थ में ही निकाल देता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को समय निकालकर श्रीमद् भागवत कथा का सिमरन अवश्य करना चाहिए बच्चों को संस्कारवान यदि बनाना है तो सत्संग का द्वार जरूर दिखाना पड़ेगा। उन्होंने कहा की सत्य आचरण का स्वरूप है, भागवत कथा है, आज के इस दौर में हम सब राजा परीक्षित तो नहीं बन सकते, वही जो भागवत कथा से पूर्व राजा परीक्षित ने अपराध किया था वह अपराध हम जाने अनजाने में नहीं अपितु इस 21वीं सदी में जानबूझकर कर रहे हैं। आज क्यों ना हम सब भागवत कथा सुनने के बाद का राजा परीक्षित बने, जिससे समाज का उद्धार हो। वही, सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रधान तरूण गांधी ने भागवत कथा के उपरांत प्रसाद वितरण किया एवं मंगल आरती की।

### ट्राली चोरी के दो चोर गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने बेगा रोड पर गांव राक्सेहडा रकबा के खेतों से ट्राली चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को गांव संजौली अड्डा से वारदात में प्रयुक्त ट्रैक्टर सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान बिजेंद्र निवासी गन्नौर व राजीव उर्फ राजू निवासी संजौली के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि ट्राली चोरी की उक्त वारदात बारे थाना समालखा में राजपाल पुत्र मामन निवासी राक्सेहडा की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

■ आरोपियों की पहचान बिजेंद्र निवासी गन्नौर व राजीव उर्फ राजू निवासी संजौली के रूप में हुई

---

**तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**
श्री जय भगवान सम्मी पुत्र श्री तोला लाल निवासी मकान नम्बर 724, कोटला, सुखदेव नगर, तहसील व जिला पानीपत।

बनाम

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री जय भगवान सम्मी पुत्र श्री तोला लाल निवासी मकान नम्बर 724, कोटला, सुखदेव नगर, तहसील व जिला पानीपत ने दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता श्री तोला राम पुत्र लेट खिलांदा राम निवासी म. न. 724, कोटला, सुखदेव नगर, तहसील व जिला पानीपत को मृत्यु दिनांक 16/09/1990 को हो चुकी है व प्रार्थी कि दादी कि मृत्यु भी काफी अरसे पहले हो चुकी हैं। यह की प्रार्थी के पिता श्री तोला राम पुत्र लेट खिलांदा राम को मृत्यु के उपरान्त निम्नलिखित वारिस है.-1. नंदलाल 2. मदन लाल 3. जय भगवान 4 पृथ्वीराज पुत्रगण 5. करमो बाई 6. कौशल्या 7. संतोष पुत्रोयान श्री तोला राम है। यह कि उक्त वारसनों में से श्रीमति संतोष पुत्री श्री तोला राम कि मृत्यु दिनांक 05/06/1996 को हो चुकी हैं। जिसके जायज वारस इस प्रकार है, 1. टेक चंद 2. देवो नंदन 3 कृष्ण कुमार 4. नोतन दास 5. गणेश दास 6. दर्शन कुमार 7 जगमोहन पुत्र श्री तोला राम है उसके अलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है। मिनाक्षी नारंग नगर निगम पार्षद वार्ड नम्बर 8 व पटवारी हल्का पानीपत दिनाक 14/03/2024 द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है:- 1. नंदलाल 2. मदन लाल 3. जय भगवान 4 पृथ्वीराज पुत्रगण 5. करमो बाई 6. कौशल्या 7. संतोष पुत्रोयान श्री तोला राम है।
इनके इलावा अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 02-04-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार कम सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

## खबर संक्षेप

### शांति भंग करने पर दो आरोपित दबोचे

**अंबाला।** थाना मुलाना क्षेत्र से सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से शराब पीने व आम नागरिकों की शांति भंग करने के मामले में पुलिस ने आरोपी रवि कुमार व अनुज कुमार उर्फ विजय को काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी सार्वजनिक स्थल पर शराब के नशे में शोर मचाकर लोगों की शांति भंग कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को काबू कर उनके खिलाफ केस दर्ज किया।

### सड़क दुर्घटना के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने आरोपी जगदीश चंद को गिरफ्तार किया है। पीडित महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 26 मार्च 2024 को नारायणगढ से काला अंब रोड के पास आरोपी वाहन चालक ने लापरवाही व तेज गति से अपने वाहन चलाते हुए उसको को टक्कर मार कर घायल कर दिया। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### आरोपित बाइक चालक गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने आरोपी शांतिनाथ साहू को गिरफ्तार किया है। महमूदपुर के शैंटी कुमार ने 20 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही व तेज गति से मोटरसाईकिल चलाते हुए उसके भाई को टक्कर मार कर घायल कर दिया। तब पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### रोड हादसे में हत्या का आरोपित पकड़ा

**अंबाला।** थाना बराडा में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी जसविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। डाडलू के लवप्रीत सिंह ने 21 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि अधोई के पास आरोपी वाहन चालक ने लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाते हुए उसके भाई को टक्कर मार दी थी। हादसे में उसके भाई की मौत हो गई। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार चालक की मौत

**जींद।** गांव नगूरां के असंध-कैथल बाईपास पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। अलेवा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बधाना निवासी कुलदीप (40) अपनी बेटी वंशिका (8) को बाइक पर लेकर नगूरां के असंध-कैथल बाइपास से घर जा रहा था। बाईपास के टी प्वायंट पर ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाप व बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना को अंजाम देकर ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

---

### एसडीएम ने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया

# राज्य सरकार के खिलाफ आढ़तियों का रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ। आढ़तियों से बात करते एसडीएम । फोटो :हरिभूमि

■ एसडीएम ने मंडी में आरम्भ होने वाली गेंहू की खरीद के बारे में भी जानकारी ली।

आढ़तियों ने लगातार दूसरे दिन मार्केट कमेटी कार्यालय पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आढ़ती एमएसपी की दर पर सरकार द्वारा खरीदी जाने वाली सभी फसलों को उनके माध्यम से खरीदने के साथ ही खरीदी गई फसलों पर उनकी कमीशन अढाई प्रतिशत करने की मांग कर रहे हैं। अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के बैनर तले सभी आढ़ती सरकार के नई नीति का विरोध कर रहे हैं। मार्केट कमेटी कार्यालय के समक्ष लगातार दूसरे दिन सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। धरने पर बैठे आढ़तियो से एसडीएम यश जालूका ने बातचीत कर उनकी समस्या को सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे उनकी समस्या के समाधान के लिए उच्चाधिकारियों से बातचीत करेंगे। इसके अतिरिक्त एसडीएम ने मंडी में आरम्भ होने वाली गेंहू की खरीद के बारे में भी जानकारी ली। बता दें कि अपनी उपरोक्त मांगों को लेकर हरियाणा राज्य कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के आह्वान पर आढ़ती 5 अप्रैल तक रोजाना दो घंटे मंडी में धरना देंगे। इसके बाद प्रदेश इकाई के दिशानुसार अगली कार्रवाई की जाएगी।

---



अंबाला। अनाजमंडी में खरीद का जायजा लेते एसडीएम।

## अधिकारियों को बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था करने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने मंगलवार को गेहूं खरीद कार्य के चलते मंडी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों की ओर से किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। जांच के बाद उन्होंने मंडी में किसानों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने खरीद एजेंसियों के साथ-साथ लेबर कांट्रेक्टर को भी निर्देश दिए कि किसानों की फसलों की खरीद समय रहते होनी चाहिए और उसका उठान भी समय अवधि के तहत होना चाहिए। सिवाच ने मार्केट कमेटी सचिव नीरज भारद्वाज को भी व्यवस्थाओं को लेकर आदेश दिए। उन्होंने यहां पर कितनी गेहूं की आवक आने की संभावना है इसकी भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मंडी में जहां गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से होना चाहिए।

---

### प्रथम नवरात्र पर नव सम्वत्सर महोत्सव

■ नौ को भारत माता मंदिर डेरा परसराम में होगा।

**मुलाना।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रथम नवरात्र पर हिंदू नव वर्ष के अवसर पर नव सम्वत्सर महोत्सव का आयोजन धूमधाम व हर्षोल्लास से किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन 9 को भारत माता मंदिर डेरा परसराम में होगा। आयोजन में मुलाना सहित आसपास की सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं सहयोगी है। इसके उपलक्ष में 29 मार्च से प्रभात फेरी जारी है । इसमें काफी संख्या में पुरूष व महिलाएं भाग ले रही हैं। प्रभात फेरी 8 तक आयोजित होगी । समिति समायोजक हरमिंदर पाल ने बताया कि 8 को शाम 6 बजे भारत माता मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 9 को नव सम्वत्सर महोत्सव का आयोजन होगा। इसमें भारत माता मंदिर में सुबह 10 बजे हवन यज्ञ का आयोजन होगा और शाम 6 बजे मंगल यात्रा निकाली जाएगी । जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं।

---



## परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का किया सम्मान

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बहुत धूमधाम से किया गया। इसमें वार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्री-नर्सरी से लेकर आठवीं कक्षा व नौवीं व 11 वीं कक्षा के बच्चों को पुरस्कृ त किया गया। स्कूल प्रिंसिपल वरिंद्र कौर ने बताया कि इन कक्षाओं का वार्षिक परिणाम तो 30 मार्च को घोषित किया गया था लेकिन कार्यक्रम में परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेहनती बच्चों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चे अपने माता-पिता/अभिभावकों के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम में कक्षा में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल की प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार प्रधान दीदार सिंह, सेक्रेटरी जसपाल सिंह, कैशियर मनमोहन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। उन्होंने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर आशीर्वाद दिया। स्कूल प्रधानाचार्य वरिंदर कौर व उप प्रधानाचार्य हरविंदर सिंह ने भी बच्चों को पुरस्कृत कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

# जनता को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाएं: सिंह

■ पूर्व मंत्री निर्मल सिंह की अध्यक्षता में चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





अंबाला। कार्यकर्ताओं के साथ हर घर कांग्रेस का प्रचार करते हुए पूर्व मंत्री निर्मल सिंह व उनकी बेटी चित्रा सरवारा। फोटो :हरिभूमि

अंबाला शहर व छावनी में लगातार कांग्रेस की ओर से घर-घर कांग्रेस अभियान की मुहिम चलाई जा रही है। लोग भी इस मुहिम में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी कर रहे हैं। अंबाला शहर में पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने कहा कि भाजपा ने इस बार 400 पार का नारा दिया है लेकिन देश में जो हालात है, उसे देखकर साफ है कि इस बार भाजपा औंधे मुंह गिरेगी। उसे करारी शिकस्त मिलेगी। उन्होंने कहा लोगों के बीच घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस के प्रचार से पता चल रहा है कि जनता बदलाव के मूड में है। प्रदेश में भी सभी सीटों पर भाजपा का सूपड़ा साफ होगा। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी द्वारा घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर डोर टू डोर जाकर भाजपा सरकार की पोल खोलने का काम कर रहा है। कार्यक्रम में पहुंचने पर निर्मल सिंह को जींद हाउस रेलवे स्टेशन के पास पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते निर्मल सिंह ने कहा कि 25 मई को लोकसभा चुनाव होने हैं ऐसे में कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों से अवगत करवाएं और उन्हें पार्टी के साथ जोड़ें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में भाजपा ने जैसे 400 पार का नारा दिया था। प्रदेश में भी उसने 75 पार का नारा दिया था लेकिन जनता ने उसे 40 सीटों पर समेटते हुए सत्ता से बाहर कर दिया था।

भाजपा ने बैसाखियों के सहारे सरकार बना ली। केंद्र सरकार को कोसते हुए निर्मल सिंह ने कहा कि भाजपा ने चुनावों में वायदा किया था कि 15-15 लाख गरीबों के खाते में डालेंगे, 2 करोड़ लोगों को रोजगार देंगे, एमएसपी लागू करे, गैस सिलेंडर सस्ता करेंगे, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करेंगे, महंगाई कम करेंगे लेकिन चुनाव जीतने के बाद भाजपा सभी वायदों से भाग गई।

---

# यूनिट प्रधान की कमान एस कुमार सैनी को मिली, रवि सचिव नियुक्त

■ फूलमालाओं से नए पदाधिकारियों का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। नव नर्विाचित पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

ऑल हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशनंस वर्कर यूनियन , सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा यूनिट सर्कल की बैठक मंगलवार को राज्य प्रेस सचिव सरदार मनजिंदर सिंह जोहल की अध्यक्षता मे विश्वकर्मा मंदिर में सम्पन्न हुई। मंच का संचालन राज्य कमेटी मेंबर विनोद कुमार व वरिष्ठ उपप्रधान व पूर्व प्रधान सुभाषचंद धीमान ने किया। इस बैठक में यूनिट , सब यूनिट , सब यूनिट शहजादपुर, का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ।

चुनाव में एस कुमार सैनी को यूनिट प्रधान, रवि कुमार को यूनिट सचिव, सुभाषचंद धीमान को वरष्ठि उपप्रधान, अरुण कुमार नारायणगढ़ को यूनिट उपप्रधान, प्रदीप पाड़ला को यूनिट कैशियर, सह सचिव परषोतम लाल, संगठन सचिव कमलजीत सिंह सैनी, ऑडिटर मुकेश गोयल, प्रेस सचिव पंकज शर्मा को नियुक्त किया गिया।

---

# हवन के साथ नए शिक्षा सत्र का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। हवनयज्ञ में उपस्थित शिक्षाक व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरेड़ी कलां के प्रांगण में नए सत्र प्रवेश उत्सव के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ कराया गया। इस यज्ञ से सकुशल सत्र आरंभ एवं प्रत्येक विघन निवारण की कामना की। यज्ञ के बाद प्रधानाचार्य जयप्रकाश गर्ग ने सभी को बताया कि ईश्वर की उपासना का श्रेष्ठ साधन यज्ञ है, इसलिए हमें हर कार्य ईश्वर को अर्पित करके करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि मनुष्य की पहचान उसके श्रेष्ठ कर्मो से होती है इसलिए हर कार्य निष्ठा व लगन से पूर्ण करना चाहिए। विद्यालय के अध्यापकों ने स्कूल में पहुंचे बच्चों का माल्यार्पण और तिलक लगाकर स्वागत किया। सभी बच्चे कक्षा में उनका स्वागत करने पर झूम उठे। विधालय के संस्कृत प्रवक्ता चमन लाल विर्क बताया कि विद्यालय में प्रत्येक कक्षा में छात्रों की संख्या को बढ़ाने के लिए अध्यापकों की ओर से घर-घर जाकर अभिभावकों को सरकारी विद्यालयों की सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। राजकीय स्कूलों में 13 अप्रैल तक प्रवेश उत्सव चलेगा। अबकी बार छात्रों को शिक्षा विभाग की ओर से परिणाम आने के दिन से ही किताबें भी वितरित की गई थी। हवन यज्ञ के बाद विद्यालय के सभी छात्रों के लिए स्वादिष्ट लंगर की व्यवस्था भी की गई। सभी बच्चों को बड़े उत्साह से लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर वद्यिालय प्रवक्ता महद्रिं पाल, प्रवक्ता विनोद सैनी, संजीव नेगी, प्रवक्ता गुरुदेव धीमान, प्रवक्ता राजीव कुमार, प्रवक्ता अजय शर्मा, अमित कुमार, दीपक कुमार, अश्वनी कुमार,प्रवक्ता खुशबू, संगीता रानी, प्रज्ञा शर्मा, सुखवद्रिं कौर, मंजु रानी, मनजीत कौर और ऋतु गुप्ता मौजुद रहे।

---

## लोकसभा चुनाव में महिलाओं से बढ़ चढ़कर मतदान करने का किया आग्रह, महिला चौपाल के जरिए किया जागरूक




**नारायणगढ़।** चुनाव में मतदान से अधिक महत्वपूर्ण कुछ नहीं है। चुनाव का दिन देश के लोकतंत्र का जश्न मनाने का दिन है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि हम विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में रहते है। महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सोनम ने यह बात कही। वे नगरपालिका वॉर्ड नंबर 8 वाल्मिकी मंदिर में महिलाओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित महिला चौपाल में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का स्वीप के तहत महिला चौपाल लगाने का भी यह उदेश्य है कि महिलाएं न केवल स्वयं मतदान में भाग लें बल्कि अपने परिवार व आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग अपने विवेक से बिना किसी दबाव या प्रलोभन के करना चाहिए। चुनाव कार्यालय से नीलम ने महिलाओं बताया कि लोकसभा आम चुनाव के लिए 25 मई को मतदान होगा। उस दिन सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने मतदान के महत्व और निर्वाचन प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

---

# सरकार की जनविरोधी नीतियों की पोल खोली जाएगी :नन्हेड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



■ सभी खाली पड़े पदों पर पक्की भर्ती करने। ठेका प्रथा पर रोक लगाने की मांग उठाई

लोकसभा चुनावों में कम्यूनस्टि पार्टी (मार्क्सवादी) सांप्रदायिक व कॉरपोरेट के गठजोड़ से बनी मोदी सरकार द्वारा दस सालों में लागू की गई जनविरोधी नीतियों की पोल खोलेगी। मंगलवार को कामरेड रमेश नन्हेड़ा की अध्यक्षता में हुई ब्रांच बैठक में लिया । इसमें सतीश सेठी, टेक चंद व बृज भूषण विशेष रूप से शामिल थे। दो महीने चलने वाले इस जनसंपर्क अभियान में सीपीआईएम द्वारा भाजपा के कुकर्मों का पर्चा निकालकर जनता में बांटा जाएगा। इसी कड़ी में इंडिया गठबंधन की 31 मार्च को आयोजित ऐतिहासिक रैली में रामलीला ग्राउंड से ऐलान हो चुका है कि अबकी बार देश की जनता सविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए मिलकर लड़ेगी और इंडिया जीतेगा। सभी खाली पड़े पदों पर पक्की भर्ती करने। ठेका प्रथा पर रोक लगाने। महिलाओ व लड़कियों की सुरक्षा। किसानों, मजदूरों व छोटे दुकानदारों की पूर्ण कर्जा माफी। भृष्टाचार पर रोक लगाने। जैसे अहम मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी।

### जीएसटी से छोटे व्यापारियों का धंधा चौपट

कामरेड सतीश सेठी ने कहा कि देश की जनता को किसी नेता की नही जनहित की नीतियों की जरूरत है। सभी के लिए शक्षिा, ईलाज, रोजगार, बिजली, पानी, परिवहन ,आवास , खाद्य सुरक्षा व सामाजिक सुरक्षा पेंशन की गारंटी तथा महंगाई व निजीकरण पर रोक समय की जरूरत है। परंतु पिछले दस सालों में अपने हकों की आवाज उठाने वाले किसानों, मजदूरो, कर्मचारियों, महिलाओं, छात्रों, परियोजना वर्कर्स, खिलाड़ियों व सरपंचों पर सरकार ने दमन ही किया है। जीएसटी से जंहा छोटे व्यापारी व दुकानदार का धंधा चौपट कर दिया वहीं आढ़तियों की कमीशन को कम कर अनाज मंडियों को फिर से बंद करने के लिए भाजपा सरकार ने साजिश रची है। इसके विरोध में एसोसिएशन के पांच दिवसीय प्रदर्शन का भी पुरजोर समर्थन किया गया। सीपीआईएम किसानों को सभी फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी देने। बेरोजगारों को सम्मानजनक वेतन पर रोजगार।

---

# विद्यार्थियों को रंगमंच के पहलुओं से करवाया अवगत

■ जीएमएन कॉलेज में शुरू हुई सात दिवसीय रंगमंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। वर्कशॉप में मौजूद छात्र व अन्य। फोटो :हरिभूमि

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में कलाश्री के संयुक्त तत्वाधान में सांस्कृतिक विभाग, संस्कृत ,पंजाबी, अंग्रेजी, हिंदी ,जन संचार विभाग द्वारा सात दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का शानदार आगाज हुआ ।इस वर्कशॉप में विद्यार्थियों को रंगमंच के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में कलाश्री के डायरेक्टर अशोक लहरी ने शिरकत की । कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने दीप प्रज्वलन कर किया। रबनूर और तरुण द्वारा सरस्वती वंदन एवं मनोरमा द्वारा भारत माता की स्तुति प्रस्तुत की गई । प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने मुख्य वक्ता का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जीएमएन कॉलेज सदैव ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहता है। इसी संदर्भ में विद्यार्थियों को कला और साहित्य के क्षेत्र में प्रेरित करने हेतु कॉलेज प्रशासन द्वारा यह महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर आए अशोक लहरी ने बेहद ही सरल एवं रोचक तरीके से विद्यार्थियों को रंगमंच के विभिन्न पहलुओं जैसे अभिनय कौशल ,संवाद कला और नाटकीय प्रस्तुति जैसे विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी । श्री के डॉयरेक्टर टीएस दुग्गल ,डॉ. अनीश, डॉ. रितु गुप्ता मौजूद रहे।

---

# चुनाव में पूर्व सीएम को घेरेगी पंजाबी महासभा पंजाबियों के साथ विश्वासघात करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



■ गुरु गोबिंद सिंह यूनिवर्सिटी न बनाने से रोष

गुरु गोबिंद सिंह यूनिवर्सिटी के मुद्दे को लेकर अब राष्ट्रीय पंजाबी महासभा लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को घेरने की तैयारी कर रही है। राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता अशोक मेहता ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के 350वें प्रकाश उत्सव पर करनाल में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरु गोबिंद सिंह यूनिवर्सिटी बनाए जाने की घोषणा की थी। मगर इस घोषणा को पूरा करने के अभी तक कोई प्रयास तक नहीं किया। उन्होंने कहा कि अब मनोहर लाल करनाल से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में महासभा द्वारा जनता के बीच गुरु गोबिंद सिंह यूनिवर्सिटी के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा। मेहता ने आरोप लगाया कि मनोहर लाल ने न केवल पंजाबियों के साथ विश्वासघात किया है बल्कि उनकी धार्मिक भावनाओं को भी आहत किया है। मगर इस घोषणा को अब तक पूरा नहीं किया गया है।